दैनिक भास्कर 09/04/2024

शिक्षित बेरोजगार युवाओं की आर्थिक दुर्दशा पर किया मंचन

अम्बाला | गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज कैंट में सात दिवसीय थिएटर कार्यशाला का समापन हुआ। कार्यशाला में हरियाणा साहित्य संस्कृत अकादमी के निदेशक डॉ. चितरंजन दयाल सिंह कौशल मुख्य अतिथि रहे। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने बताया कि छात्रों ने अशोक लाहिड़ी द्वारा निर्देशित लघु नाटक आरंभ कौन करेगा का मंचन किया। नाटक में शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों की आर्थिक दुर्दशा का मंचन किया। कलाश्री के महासचिव टीएस दुग्गल को कला के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया। मौके पर डॉ. रितु गुप्ता, डॉ. अनीश, डॉ. कमलेश, डॉ. ज्योति, डॉ. अंशू, डॉ. नीना, डॉ. जसबीर कौर व सुषमा मौजूद रहे।

अम्बाला। कार्यक्रम के दौरान मौजूद पदाधिकारी।